प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय दौरे पर कल पहुंचेंगी लखनऊ : ब्रह्माकुमारीज़ की विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान थीम पर आधारित कार्यक्रम में होंगी शामिल, 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह को भी करेंगी संबोधित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज नोएडा में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तैयारियों का लिया जायजा : कहा– उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेशकी नई पहचान बनने जा रहा है नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट
3. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वर्चुअली गोरखपुर पीलीभीत एक्सप्रेस के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए ट्रेन को दिखाई हरी झंडी : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बढ़ाया उत्तर प्रदेश के लिए रेलवे बजट। और
4. लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में आज भारत की गैर वरीय तन्वी शर्मा न दूसरी वरीय जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर किया उलटफेर।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल लखनऊ आएंगी। राष्ट्रपति यहां दो समारोहों में भाग लेंगी। पहले राष्ट्रपति ब्रह्माकुमारीज़ की वार्षिक थीम 2025–26, विश्व एकता और

विश्वास के लिए ध्यान के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। समारोह को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने आज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इसके बाद राष्ट्रपति भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह में शामिल होंगी और इसके 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी को संबोधित करेंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे को लेकर ब्रह्माकुमारीज़ के अतिरिक्त महासचिव डॉ. मृत्युंजय ने बताया कि शुभारंभ के बाद राष्ट्रपति यहाँ प्रशिक्षण केंद्र में ध्यान भी करेंगी और 5 महिलाओं और 5 पुरुषों को ध्वज और कलश वितरित करेंगी। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह के बाद, विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान की थीम पर पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। दोपहर बाद राष्ट्रपति भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती समारोह के समापन सत्र को संबोधित करेंगी। 61 वर्षों के अंतराल के बाद, लखनऊ में हो रहे इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 33,000 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स, साथ ही मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और सऊदी अरब सहित एशिया–प्रशांत क्षेत्र के 1,500 से अधिक युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

राष्ट्रपति के कार्यक्रम के चलते लखनऊ और कानपुर में आज शाम से ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। लखनऊ में यह डायवर्जन शाम छह बजे से शुरू होकर 28 नवंबर की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों के रूट बदले रहेंगे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर पहुंचकर एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य की गति और संचालन से पूर्व की आवश्यक व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नोएडा में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश ने पिछले 8 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बेहतर कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट–वन माफिया की पहचान को हटाकर सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज से उत्तर प्रदेश को जोड़ा है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश ने पिछले 8 वर्ष में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बेहतर कदम आगे बढ़ाए हैं। आपने 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के बारे में सुना होगा। उत्तर प्रदेश की पहचान क्या होती थी? वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया से। आज हमने अपने साथ जुड़ी हुई उस पहचान को हटा करके वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के साथ हमने उत्तर प्रदेश को आज जोड़ा है। आज उत्तर प्रदेश के हर जनपद में एक मेडिकल कॉलेज है।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद के तरुण सागरम् तीर्थ, मुरादनगर पहुंचे। उन्होंने यहां पंच कल्याणक महा महोत्सव के अंतर्गत गुफा मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भगवान महावीर के महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर के फाजिल नगर का नाम बदल कर पावा नगरी करने के लिये कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता को विकास की नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है तो उन्हें भारत के अध्यात्म की शरण में जाना होगा। बाइट.....

*मानव सभ्यता को विकास की नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है तो हमें भारत के अध्यात्म की शरण में जाना पड़ेगा। अध्यात्म के साथ ही भौतिक विकास हो, सांस्कृतिक उन्नयन हो या आध्यात्मिक उन्नयन के लिए एक सुरक्षित वातावरण चाहिए।*

——————————

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज वर्चुअली गोरखपुर, पीलीभीत एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार बढ़ाते हुए बरेली के इज्जतनगर रेलवे स्टशन

के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार में रेल सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी हैउत्तर प्रदेश में यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जिम्मेदारी संभाली। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश को रेलवे के विकास के लिए मात्र ₹1,109 करोड़ लगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आते ही उसको बढ़ाया बजट को रेलवे के बजट को यूपी के डेवलपमेंट के लिए।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में औरैया जिले में एसआईआर के तहत निर्वाचन कार्यों में तेजी लाते हुए औरैया जनपद के 33 बूथ लेवल अधिकारियों ने अर्हता

तिथि 01 जनवरी 2026 से पूर्व ही शत–प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूरा कर लिया है।

वहीं गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान को नई गति देने के लिए आज से एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई ।

आगरा में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारो ने आज मतदाताओं के घर जाकर अभियान की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से एसआईआर फॉर्म शीघ्र भरने की अपील की। बाइट.....

*मैं अपील करने गया था, वह बहुत सिंपल फॉर्म है। सिंपल डाटा फीड करके देनी है। उसमें समय नहीं लगता और बीएलओ का मदद भी लेकर डाटा फीड कर सकते है और साइन करके देना है। अगर यह भी प्रावधान दिया गया है कि अगर जो व्यक्ति है अगर घर में भी नहीं है, उनका रिलेटिव भी भर सकता है और उनका रिलेशन लिखना है नीचे तो कृपया आप भर के दे दें।*

——————————

अम्बेडकरनगर में कल से पूर्वांचल का ऐतिहासिक गोविंद साहब का मेला शुरू हो रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस मेले में आस पास के कई जिलों से श्रद्धालु आते हैं। मेले को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.......

*सवा महीने तक चलने वाले इस मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु प्रमुख स्नान, गोविंद दशमी और पूर्णिमा पर डुबकी लगाते है। पूर्वांचल के कई जिलों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं। श्रद्धालु बाबा गोविंद साहब के*

*समाधि स्थल पर खिचड़ी की एक पोटली चढ़ाते हैं। मेले का आयोजन जिला पंचायत विभाग द्वारा किया जाता है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा और डीएम अनुपम शुक्ला ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग चौधरी, आकाशवाणी समाचार, अम्बेडकरनगर।*

—————————

**गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के 56वें संस्करण में आज कई प्रमुख गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इफ्फी में आज सुबह गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने महान छायाकार और फिल्म निर्माता श्री वैकुंठ के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*इस अवसर पर श्री वैकुंठ की 1977 की डॉक्यूमेंट्री 'गोवा मार्चेस ऑन' प्रदर्शित की गई। वहीं दूसरी और जिम्मा ब्लास्को द्वारा निर्देशित स्पेनिश ड्रामा फिल्म "फ्यूरी" का आज 'निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फीचर फिल्म' श्रेणी में प्रीमियर हुआ। एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसिद्ध अभिनेत्री राजेश्वरी सचदेव ने कहा कि ओटीटी अब नये कलाकारों के लिए स्वर्णिम अवसर है। उधर, कला अकादमी में अभी फिल्म निर्माण के रचनात्मक, आलोचनात्मक और तकनीकी आयामों पर गहन तथा व्यापक चर्चा हुई। आदर्श और सायरा के साथ निखिल कुमार, आकाशवाणी समाचार, पणजी, गोवा।*

—————————

**लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में आज भारत की शीर्ष वरीय महिला खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने भारत की ही तसनीम मीर को 21–15 और 21– 10 से मात दी। वहीं गैर वरीय भारत की तन्वी शर्मा ने उलटफेर करते हुए दूसरी**

वरीय जापान की नोजोमी ओकुहारा को 13–21, 21–16, 21–19 से हरा दिया।

(समाप्त)